अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 10 मई 2023
ज्येष्ठ कृष्ण पंचमी
विक्रम संवत 2080

Page No. 03 : Middle

खेलकूद

क्रिकेट : उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में टीम के चयन के लिए अंडर-19 अंतरमंडलीय क्रिकेट मुकाबले एसआरएमएस ग्राउंड पर सुबह 10 बजे से।

Page No. 11 : Middle

बरेली ने शाहजहांपुर को हराया

बरेली। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंडर-19 अंतरमंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड में कराया जा रहा है।

प्रतियोगिता के तीसरे दिन मंगलवार को टॉस जीतकर पहले खेलते हुए शाहजहांपुर की टीम ने 130 रन बनाए। इसमें आकृषित वर्मा ने सर्वाधिक 46 रन की पारी खेली। अभिनय सिंह ने 36 रन का योगदान दिया। शुभ अग्रवाल, कृष्णा राजपूत, विवेक पुरी, सौरभ पटेल ने 2-2 विकेट चटकाए। जवाब में बरेली की टीम ने छह विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। शानदार बल्लेबाजी करते हुए अनंत भटनागर ने नाबाद 64 रन की पारी खेली। इस मौके पर ओपी कोहली, संचित शर्मा आदि मौजूद रहे। संवाद